




GE Signature Series
विश्वस्तरीय सोनोग्राफी मशीन राजिम में
भारत में केवल 120 मशीनें
पहली बार गर्भवती महिलाओं के बच्चे के दिल का जाँच की सुविधायें उपलब्ध अब राजिम में
लाईफ केयर
एडवांस्ड डायग्नोस्टिक सेंटर
पथर्रा रोड, राजिम मो.नं. 9340789101


## खबर संक्षेप

### खाद्य आयोग के अध्यक्ष शर्मा का मैनपुर दौरा आज



**मैनपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा 9 नवंबर को दोपहर 12 बजे मैनपुर पहुंचेंगे। इस दौरान लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया जायेगा। संदीप शर्मा भाजपा मंडल के पदाधिकारी कार्यकर्ता शक्ति केन्द्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं की कार्यशाला में शामिल होंगे। उक्त जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव एवं महामंत्री घनश्याम मरकाम ने देते हुए सभी कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील किया है।

### कुत्ते ने दो को काटा सर्पदंश से एक पीड़ित

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र के ग्राम धवलपुर निवासी रायसिंह उम्र 67 वर्ष एवं जंगलधवलपुर निवासी विनोद नेताम को गांव में ही एक कुत्ते ने काट दिया। जिनका इलाज मैनपुर अस्पताल में किया जा रहा है। मैनपुर क्षेत्र में आवारा कुत्तो के आतंक से ग्रामीण बेहद परेशान है आए दिनों कुत्ते के काटने से लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं। वहीं जाड़ापदर निवासी एक ग्रामीण को घर के बाड़ी में जहरीले सर्प ने काट दिया समय पर अस्पताल में इलाज होने के कारण उसकी तबीयत अब ठीक है।

### नशे के सौदागर को 15-15 साल की सजा

**सरायपाली।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय के विशेष न्यायाधीश वंदना दीपक देवांगन ने एनडीपीएस के प्रकरण में 102 किलो गांजा के अवैध परिवहन के आरोप में आरोपी यशवंत कुमार वापचे निवासी गोहारा थाना बैहर जिला बालाघाट (मप्र) एवं भरत कुमार धीवर निवासी सिविल लाइन बिलासपुर (छग) दोषी पाते हुए 15 -15 वर्ष का सश्रम कारवास और 1-1 लाख के अर्थ दंड से दंडित किया।

# कोहरे का साया, वनांचल में थमी रफ्तार, ठंड ने बढ़ाई ठिठुरन

**मौसम : नगर व क्षेत्र में घने कोहरे के कारण 50 मीटर की दूरी भी दिखाई नहीं दे रही**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

आसमान से बादल छटते ही वनांचल मैनपुर क्षेत्र घने कोहरे के आगोश में डूबा रहा। शनिवार को मैनपुर नगर व क्षेत्र में घने कोहरे के कारण 50 मीटर की दूरी भी दिखाई नहीं दे रही थी। अर्धरात के बाद घना कोहरा के कारण बड़े मालवाहक वाहने नेशनल हाईवे में सड़क किनारे खड़े हो गए और घना कोहरा छटने का इंतिजार करते रहे। भारी घना कोहरा छाया रहा सुबह 8 बजे तक नगर व क्षेत्र में घना कोहरा के चलते पास की चीज भी दिखाई नहीं दे रहा था नेशनल हाईवे मैनपुर देवभोग गरियाबंद मुख्य मार्ग में सड़क किनारे दर्जनों ट्रक मालवाहक वाहन खड़े रहे। वाहनों के ब्रेक लग गए। ट्रक चालक भुपेन्दर सिंह एवं राजेन्द्र भाटिया ने बताया की वे लोहे की छड़ सरिया लेकर मैनपुर देवभोग होते हुए ओड़िशा के लिए निकले थे लेकिन रात 12 बजे के बाद भारी घना कोहरा के कारण कुछ नहीं दिखाई दे रहा था इसलिए जंगल के भीतर ट्रक को सड़क किनारे खड़े कर दिए पिकअप चालक जो धमतरी से सब्जी लेकर देवभोग जा रहा था परदेशीराम पटेल ने बताया भारी घना कोहरा के कारण सामने कुछ नहीं दिखाई दे रहा था इसलिए ग्राम बासीन में सुबह 8:30 बजे तक रूकना पड़ा जबकि यह सब्जी को सुबह 4 बजे देवभोग पहुंचाना था, घना कोहरा के कारण मैनपुर नगर का नजारा काफी खुबसुरत नजर आ रहा था।





**बच्चे सुबह ठिठुरते स्कूल पहुंचे** मैनपुर क्षेत्र में अब बादल छटने के बाद गुलाबी ठंड ने दस्तक दे दिया है, सुबह और शाम को ठंड लगना प्रारंभ हो गया है साथ ही मार्निंग वॉक में वॉक करने वालों की संख्या बढ गई है। मैनपुर क्षेत्र के लोग पिछले एक सप्ताह पूर्व गर्मी और उमस से परेशान थे पिछले दो दिनों से गुलाबी ठंड ने दस्तक दी है और सुबह और शाम के समय मार्निंग वाक करने वालो की संख्या बढ़ गई है। आज बच्चे सुबह ठिठुरते स्कूल जाते दिखे।

**मांग : धान खरीदी के साथ ही एग्रीस्टेक व कई कार्य प्रभावित होने की आशंका**

# धान खरीदी से पहले सहकारी कर्मचारियों की हड़ताल, किसानों की बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर



समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने में सप्ताह भर का समय बाकी है और सहकारी समिति कर्मचारी संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते धान खरीदी कार्य जहां प्रभावित होने की संभावना है। वहीं वर्तमान में किसानों को खसरा मिलान करने की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एग्रीस्टेक के कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। ज्ञात हो कि सहकारी समिति कर्मचारी संघ द्वारा अपने जायज तीन सूत्रीय मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया जा रहा है उनकी प्रमुख मांगो में मध्यप्रदेश सरकार के तर्ज पर छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा भी प्रदेश के 2058 सहकारी समितियों के कर्मचारियों के वेतनमान व अन्य सुविधाएं ग्रेजयुटी, मंहगाई भत्ता, पेंशन, भविष्यनिधि आदि लाभ देने के लिए प्रतिवर्ष प्रत्येक समितियों को 3-3 लाख रूपये प्रबंधकीय अनुदान राशि देने शीघ्र आदेश किया जाये। सेवा नियम 2018 को संशोधन करते हुए पुनरीक्षित वेतनमान लागू कर लाभ दी जाये और सेवा नियम 2018 प्रावधान अनुसार 50 प्रतिशत बैंको के केडर समिति प्रबंधकों पर विभागीय भर्ती तत्काल प्रारंभ किया जाये जिला सहकारी बैंको के तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग के खाली पदों पर 50 प्रतिशत समिति कर्मचारियों से विभागीय भर्ती लेते हुए सेवा नियम 2012 के अनुसार समितियों में पदस्थ समिति प्रबंधकों को जिला सहकारी बैंक के केडर प्रबंधक माना जाए। समर्थन मूल्य धान खरीदी 2023-24 एवं 2024-25 में धान परिदान पश्चात हुई संपूर्ण सुखत मान्य कर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समिति को राशि दिया जाए खरीप विपणन वर्ष 2024 -25 में भी शून्य शार्टेज प्रावधान का लाभ दिया जाए।

#### प्रमुख मांगे

सुरक्षा एवं प्रासंगिक व्यय तथा धान कमीशन खाद बीज उपभोक्ता फसल बीमा आदि में 4 गुना कमीशन में बढ़ोत्तरी कर राशन वितरण पर प्रतिक्विंजल 500 ग्राम क्षतिपूर्ति अथवा 5 हजार रूपये विक्रेताओं को प्रतिमाह दिया जाये। समस्त समितियों के कर्मचारियों का लंबित वेतन भुगतान 15 अक्टूबर 2025 तक का भुगतान कराने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किया जाए। इन मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन किया जा रहा है। ऐन धान खरीदी से पहले कर्मचारियो के हड़ताल से धान खरीदी प्रभावित होने की संभावना है। वहीं धान खरीदी के लिए फड़ व अन्य जरूरी इंतजाम अब तक प्रारंभ नहीं हो पाया जिससे धान खरीदी समय पर शुरू होने में संशय बना हुआ है।

### धान खरीदी के लिए एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य

**गरियाबंद।** राज्य सरकार द्वारा किसानों की सुविधा और पारदर्शी खरीदी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए इस वर्ष से एग्रीस्टेक डिजिटल प्रणाली लागू की गई है। यह प्रणाली किसानों के भूमि रिकॉर्ड, बैंक खाता, आधार और फसल से जुड़ी जानकारी को एकीकृत करती है, जिससे खरीदी प्रक्रिया में पारदर्शिता और सही रिकॉर्ड सुनिश्चित हो सकेगा। धान खरीदी में किसी प्रकार की परेशानी से बचने के लिए इस वर्ष सभी किसानों के लिए "एग्रीस्टेक पंजीयन अनिवार्य" किया गया है। सहायक आयुक्त सहकारिता ने बताया कि पंजीयन के लिए आधार कार्ड, जमीन का बी-1 खसरा तथा मोबाइल नंबर आवश्यक दस्तावेज हैं। जिन किसानों का अभी तक पंजीयन नहीं हुआ है, वे शीघ्र ही अपने निकटतम सहकारी समिति या चॉइस सेंटर में जाकर पंजीयन करा ले, ताकि फसल बिक्री के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# युवा और महिला सम्मेलन में आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का लिया संकल्प





**गरियाबंद।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत गरियाबंद में गत दिनों युवा एवं महिला सम्मेलन बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने युवाओं व महिलाओं को आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य के लिए प्रेरित किया। अपने संबोधन में चंद्राकर ने कहा कि युवा शक्ति और महिला शक्ति देश के विकास की सबसे बड़ी धुरी है। उन्होंने केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कौशल विकास, स्वरोजगार, स्टार्टअप तथा महिला सशक्तिकरण योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक युवाओं और महिलाओं को इसका लाभ उठाने की अपील की। सम्मेलन में कुल 350 लोग उपस्थित रहे, जिनमें 150 युवा और 200 महिलाएं शामिल थीं। इस दौरान प्रतिभागियों ने रोजगार, शिक्षा, उद्यमिता तथा सामाजिक नेतृत्व से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की। आयोजन को सफल बनाने में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री आशीष शर्मा, जिला मंत्री सुरेंद्र सोनटेके, राधेश्याम सोनवानी जिला प्रवक्ता, शेष नारायण गजभिए पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मिलेश्वरी साहू, जीवन एस साहू, बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए।

# नई पीढ़ी के लिए उच्च शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों बहुत जरूरी : रात्रे



हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा

शिक्षा के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य का होना अति आवश्यक है शिक्षा जीवन की गुणवत्ता में सुधार करती है, उच्च शिक्षा आर्थिक स्थिरता और सामाजिक सहायता व्यक्ति को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और स्वास्थ संबंधी खतरों से बचाने में मदद करती है उक्त बातें कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि देवसिंह रात्रे प्रदेश प्रतिनिधि लघु वनोपज छत्तीसगढ़ शासन ग्राम भैंसामुंडा के सांस्कृतिक कार्यक्रम में कहीं। श्री रात्रे ने आगे कहा कि आज युवा पीढ़ी व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम में दिन रात लगे रहते हैं इससे न सिर्फ समय की बर्बादी होता है बल्कि आंख की रोशनी में, तथा स्वास्थ्य विकार पैदा होते जा रहा है, युवा पीढी खेलकूद के प्रति कम रुचि रख रहे हैं । आज के युवापीढ़ी को उच्च शिक्षा के साथ-साथ बेहतर स्वास्थ्य का होना बहुत जरूरी है, युवाओं का शिक्षित होना एवं खेलकूद में पारंगत होना आर्थिक स्थिरता सामाजिक शहाद्रता के साथ-साथ स्वस्थ जीवन शैली प्रदान करते हैं जिससे स्वास्थ्य संबंधी खतरा नहीं होता। कार्तिक पूर्णिमा महोत्सव के आयोजन प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी धूमधाम से मनाया गया, सुबह 7:00 बजे से 9:00 बजे तक आंवला पूजन, 9:00 बजे से शोभायात्रा निकाला गया, 10:00 बजे जय मां कर्मा रामधुनी जस झांकी गुजरा धमतरी तथा रात्रि जय अंबे छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी अंबागढ़ चौकी मोहल्ला का आयोजन किया गया था। मंचसंचालन कन्हैया यादव शिक्षक एवं राजेश साहू शिक्षक ने किया, कार्यक्रम में मुख्य रूप से नरोत्तम ठाकुर ग्राम पटेल, डमरू लाल साहू ग्राम अध्यक्ष, फिरतू राम ठाकुर, एफ आर साहू, सोनसाय ध्रुव, रामनाथ ध्रुव, लुदु राम ठाकुर, कन्हाई यादव मोहन कंवर लव कुमार ठाकुर दिनेश साहू आदि उपस्थित थे।

# सिरपुर में मैराथन 13 नवंबर को

**गरियाबंद।** महासमुंद लोकसभा स्तरीय मैराथन दौड़ "रन फॉर स्वदेशी - रन फॉर यूनिटी" का आयोजन 13 नवम्बर 2025 को ऐतिहासिक स्थल सिरपुर में किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 8 बजे से प्रारंभ होगा। इस प्रतियोगिता में धमतरी, गरियाबंद और महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के धावक शामिल होंगे।

कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग महासमुंद द्वारा किया जा रहा है, जिसमें सिद्धसंकल्प फाउंडेशन सहयोगी संस्था के रूप में जुड़ी है। इस आयोजन की प्रेरणास्रोत महासमुंद लोकसभा सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी हैं। यह मैराथन महिला एवं पुरुष वर्ग के लिए 5 किलोमीटर की दूरी पर आयोजित की जाएगी। विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा। प्रथम स्थान प्राप्त धावक को 25 हजार रूपए, द्वितीय को 20 हजार रुपए, तृतीय को 15 हजार रुपए, चतुर्थ को 10 हजार रुपए और पंचम स्थान प्राप्त धावक को 7 हजार 500 की राशि दी जाएगी। वहीं छठवें से दसवें स्थान तक के धावकों को 5 हजार रुपए का चेक प्रदान किए जाएंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए फ्री रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध है।

## कांस के फूलों से गुलजार हुआ इलाका...



**मैनपुर।** धरती पर चारों तरफ सफेद कांस का फूल इन दिनों मैनपुर क्षेत्र में चारो तरफ दिखाई दे रहा है। जिधर भी नजर दौड़ाए लंबे-लंबे कांस के फूल मंद-मंद बहती हवाओं के साथ अठखेलिया करते मन को मन को प्रफूल्लित करते नजर आ रहा है। मैनपुर क्षेत्र के पहाड़ी इलाके हो या खेत के मेड़ों नदियों के तट पर कांस के फूल लहराते दिखाई दे रहे है। आर्युवेद में इसका कई रोगों में औषिध के रूप में महत्व है साथ ही यह मानसून की विदाई का संदेश दे रहा है।

**लोगों को दान करने की प्रेरणा दे रहे**

# 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कोपरा

अखिल विश्व गायत्री परिवार युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में नगर पंचायत कोपरा में दिनांक 23 दिसंबर से 26 दिसंबर 2025 तक आयोजित होने वाले राष्ट्र शौर्य समृद्धि 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विराट संस्कार महोत्सव कार्यक्रम की तैयारी जोरों से चल रही है।

इस के लिए गायत्री परिवार के परिजन भाई एवं बहन नगर में घर-घर जाकर निमंत्रण देकर अन्न- दान अंश-दान तथा समय- दान के महत्व को बताकर लोगों को दान करने की प्रेरणा दे रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक पुरुषोत्तम यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम नगर पंचायत कोपरा के लिए अभूतपूर्व कार्यक्रम है यज्ञ से सूक्ष्म जगत का शोधन होता है। इससे गांव में शांति तथा समृद्धि आएगी। अनुयाज के क्रम में गायत्री परिजन घर घर जाकर यज्ञ का महत्व समझा रहे हैं और



आमंत्रण दे रहे हैं, तथा श्रद्धालु जनों के घर में देव स्थापना का कार्यक्रम चल रहा है। नगर पंचायत कोपरा सहित आसपास के गांवों में भी गायत्री परिजन यज्ञ का निमंत्रण दे रहे हैं। कार्यक्रम का अनुमानित खर्च 25 से 30 लाख रुपए है।

कार्यक्रम की तैयारी में क्षेत्र के परिजन भाई बहन भी लगे हुए हैं। इस कड़ी में मुख्य रूप से चंद्रहास सिंह राजपूत, पुरुषोत्तम यादव, यामिनी यादव, प्रभा साहू, डॉक्टर डाली साहू, सीमा साहू, देवकी साहू, रेणुका साहू, अर्चना वर्मा, सीमा साहू, खिलावन सेन, कोमल राम साहू, लक्ष्मण यादव, नारायण लाल साहू, संतोष साहू, दीपा साहू, सीता, गीतांजलि, लोकेश्वरी दीवान, हेमलता साहू, पूर्णिमा साहू, निशा साहू, अंजलि घाटगे, गायत्री साहू सहित नगर के अन्य नागरिक गण लगे हुए हैं। नगर पंचायत कोपरा के अध्यक्ष एवं यज्ञ आयोजन समिति के अध्यक्ष रूपनारायण साहू ने नगर वासियों को इस कार्यक्रम में बढ़ -चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया है।

# अब संविदा कर्मी को कभी भी नौकरी से नहीं निकाल सकते, 60 दिनों में देना होगा सुनवाई का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब संविदा पर सरकारी नौकरी करने वालों को केवल एक महीने का वेतन देकर कभी भी काम से नहीं निकाला जा सकेगा। इन कर्मियों को अगर सेवा से हटाना है, तो पहले वरिष्ठ अफसर के सामने अपील करने का अवसर देना होगा। पूरी सुनवाई के बाद ही आदेश जारी किया जा सकेगा।

इस मामले को लेकर राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग की नियम शाखा ने राज्य के सभी विभागों, अध्यक्ष राजस्व मंडल, संभागीय आयुक्त, सभी विभागाध्यक्ष, सभी कलेक्टर और सभी जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के लिए आदेश जारी कर दिया है।

### इसलिए जारी हुआ ये आदेश

राज्य सरकार ने यह कदम दरअसल बिलासपुर हाईकोर्ट के एक फैसले के मद्देनजर उठाया है। उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा पिछले महीने जारी एक आदेश में दिए गए निर्देश के परिपालन में जारी करना पड़ा है। राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि विभागीय सेटअप में संविदा के रूप में स्वीकृत पदों पर कार्यरत संविदा कर्मी (यथा मनरेगा अंतर्गत संविदा कर्मी) को यदि किसी दशा में सेवा से पृथक किया जाता है, तो संबंधित सेवामुक्त संविदा कर्मी, संबंधित विभाग के विभागाध्यक्ष के समक्ष 60 दिवस के भीतर अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकता है, जिस पर संबंधित विभागाध्यक्ष युक्तियुक्त सुनवाई के बाद उचित आदेश पारित कर, प्रकरण निराकृत कर सकेंगे।

### राज्य सरकार ने जारी किया निर्देश
### हाईकोर्ट ने दिया है ये आदेश




### 13 साल से लागू था ये नियम

राज्य में हाईकोर्ट का यह आदेश लागू होने से 13 साल पहले से यह नियम लागू था कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम, 2012 के नियम 11(5) में संविदा नियुक्ति की अवधि में दोनों पक्षों में से किसी एक पक्ष द्वारा एक माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में एक माह का वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। वर्तमान में संविदा पर नियुक्त कर्मियों को सेवा से पृथक किये जाने पर किसी प्रकार का अपील अभ्यावेदन प्रस्तुत करने का प्रावधान नियमों में नहीं किया गया है।

### छत्तीसगढ़ संविदा अफसर कर्मियों की उर्वरा भूमि

जहां तक छत्तीसगढ़ का सवाल है यह राज्य में सेवा निवृत्त अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए सबसे अधिक उर्वरा भूमि मानी जाती है। राज्य में प्रदेश स्तर के वरिष्ठतम अधिकारियों से लेकर सरकारी विभागों के लिपिकों व अन्य कर्मियों के लिए संविदा नियुक्ति पाने की सबसे बड़ी पनाहगाह है। यहां विभिन्न पदों पर संविदा नियुक्ति वाले जमे हैं। दरअसल विभागों में नियमित रूप से सेवाकाल खत्म होने के बाद संबंधित अफसर कर्मियों को संविदा में सेवा पर रखे जाने की परंपरा बन गई है। यह इसलिए कि राज्य में रिक्त होने वाले पदों पर नियमित रूप से भर्ती नहीं की जा रही है, यह लंबे अरसे से हो रहा है। इसी प्रक्रिया का एक पक्ष ये भी है कि बड़े संविदा अधिकारियों को संविदा काल खत्म हो जाने के बाद भी फिर से काम पर रख लिया जाता है। इसका एक और पक्ष ये भी है संविदा पर रखे गए छोटे स्तर के कर्मियों को एक माह का वेतन देकर कभी भी नौकरी से बाहर कर दिया जाता है, लेकिन अब ऐसा करना आसान नहीं होगा।

## खबर संक्षेप



### सर्वर ठप, आवेदन तिथि बढ़ाने की मांग

**रायपुर।** रविवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए आवेदन प्रारंभ कर दिए गए हैं। सर्वर के उचित रूप से कार्य नहीं करने के कारण छात्रों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा है। शुक्रवार को एनएसयूआई ने कुलसचिव से मुलाकात कर परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि बढ़ाने और वेबसाइट संबंधित समस्या का निराकरण करने की मांग की है। इस दौरान रजत ठाकुर, हर्ष शर्मा, अंश तिवारी, मोहित बंजारे, वेणु व अन्य उपस्थित रहे।

### रेल हादसे पर सरकार की उदासीनता चिंतनीय

**रायपुर।** रेल हादसे के बाद सरकार द्वारा उठाए गए कदम को आम आदमी पार्टी ने अपर्याप्त बताया है। पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियंका शुक्ला ने कहा, बिलासपुर की 6 विधानसभा सीटों में कई विधायक एवं नेतागण गायब रहे। घटना के दिन स्थानीय विधायक राहत एवं बचाव कार्यों में न तो अस्पताल पहुंचे और न सहयोग किया। भानुप्रकाश चंद्रा ने कहा, नेताओं का समय पर मदद के लिए उपस्थिति नहीं रहना जनता के साथ विश्वासघात के समान है। पार्टी ने सरकार से जवाबदेही तय करने और पीड़ितों को उचित सहायता पहुंचाने की मांग की है।

### केंद्रीय छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 15 तक

**रायपुर।** केंद्रीय छात्रवृत्ति के अंतर्गत नवीनीकरण व नवीन आवेदन के लिए अंतिम तिथि में वृद्धि कर दी गई है। पूर्व में 30 अक्टूबर तक इसके लिए आवेदन मांगे गए थे। अब छात्र राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से 15 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि में वृद्धि के साथ ही माध्यमिक शिक्षा मंडल ने छात्रों से महाविद्यालय स्तर पर ऑनलाइन वेरिफिकेशन सुनिश्चित करने कहा है।

### आरटीआई कार्यशाला 10 को

**रायपुर।** जनजातीय गौरव दिवस के लिए 10 नवंबर को आरटीआई (सूचना का अधिकार) से संबंधित एक कार्यशाला आयोजित की जाएगी, जिसका उद्देश्य जनजातीय लोगों के कल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों के बारे में जानकारी देना होगा। यह कार्यशाला 15 नवंबर को मनाए जाने वाले जनजातीय गौरव दिवस की तैयारियों का हिस्सा है, जो कि भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

### सूखी हवा लेकर आएगी ठंड, उत्तरी इलाके में हो सकता है कड़ाके का असर

**रायपुर।** काफी इंतजार के बाद प्रदेश में आने वाली हवा की दिशा में बदलाव होगा। उत्तर से आने वाली शुष्क हवा अपने साथ ठंड लेकर आएगी। तीन से चार दिनों में सरगुजा संभाग के कुछ इलाकों का पारा 10 डिग्री के करीब पहुंचने की संभावना है। मध्य हिस्से में सुबह-सुबह की ठंड असर दिखा सकती है। ठंड का प्रभाव दिन में होने के लिए दिसंबर के अंतिम दिनों तक इंतजार करना पड़ेगा। शहर में विशेष परिस्थिति होने पर ही शीतलहर की स्थिति बनती है। अचानक मौसम में आने वाले बदलाव और हल्की बारिश से यहां कोल्ड डे वाले हालात दिसंबर और जनवरी में ही बनते हैं। राज्य में सबसे ज्यादा ठंड उत्तरी सीमा में मौजूद शहरों में पड़ती है।

### राजधानी के इंडोर स्टेडियम में भाजपा का वंदेमातरम सामूहिक गान का आयोजन

# सीएम साय बोले-वंदेमातरम हमारी आजादी की लड़ाई में मूलमंत्र रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस बात पर बल दिया है कि हमें अपना इतिहास कभी नहीं भूलना चाहिए। वंदेमातरम की 150वीं वर्षगांठ के इस आयोजन के माध्यम से हम सब लोग आने वाली पीढ़ी को वंदेमातरम राष्ट्रगीत की महत्ता समझा पाएंगे, इसलिए यह आयोजन बहुत सार्थक सिद्ध हो रहा है। वंदेमातरम हमारी आजादी की लड़ाई में मूलमंत्र रहा है।

श्री साय ने शुक्रवार को इनडोर स्टेडियम में प्रदेश भाजपा द्वारा आयोजित वंदेमातरम संस्मरणोत्सव कार्यक्रम में कहा, वंदेमातरम गायन से सबके हृदय में राष्ट्रभक्ति का भाव संचरित होता है। हमारे महापुरुषों ने वंदेमातरम का जयघोष करते हुए आजादी के लिए अपनी कुर्बानी दे दी, फांसी के फन्दे को चूम लिया। तो यह शक्ति और भक्ति इस वंदेमातरम के गायन में है। श्री साय ने कहा, 1875 में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने राष्ट्रगीत वंदेमातरम की रचना की थी। यह मूलतः 1875 से पहले इस देश में अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध आदि शंकराचार्य के आह्वान पर संन्यासियों द्वारा किए गए विद्रोह पर केंद्रित उपन्यास आनन्द मठ में वंदेमातरम गीत की रचना की। आदि शंकराचार्य ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए शस्त्र और शास्त्र, दोनों की शिक्षा दी, जिसका इस गीत में समावेश है। श्री साय ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आज छत्तीसगढ़ के पांच संभाग मुख्यालयों समेत पूरे देश में 150 स्थानों पर वंदेमातरम का सामूहिक रूप से सस्वर गायन हुआ है। यह समारोह आगामी एक वर्ष तक चलेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, देश जब गुलामी की जंजीरों में जकड़ा हुआ था, तब बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने वंदेमातरम की कल्पना कर इसकी रचना की। बंकिम जी ने तत्कालीन परिस्थितियों में वंदेमातरम की रचना करके देश के सभी लोगों, समाजों को देशभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। इस गीत से सबके मन में भारत माता के गौरव की दृष्टि से भाव जागृत हो, देश की स्वतंत्रता के आंदोलन में हम सब अपनी भूमिका निभाएं, यह आह्वान चट्टोपाध्याय जी ने किया। कार्यक्रम के अंत में फिल्म विकास निगम अध्यक्ष मोना सेन और उनकी टीम ने वंदेमातरम गीत का सुमधुर सस्वर गायन किया। इसके बाद हाथ में तिरंगा राष्ट्रीय ध्वज लेकर उपस्थित जनों ने देशभक्ति गीत का गायन किया।




### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल, नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीराम गर्ग, प्रदेश उपाध्यक्ष नंदन जैन, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, महापौर श्रीमती मीनल चौबे, प्रदेश मंत्री जयंती पटेल, श्रीचंद सुंदरानी, सच्चिदानंद उपासने, जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, जिला महामंत्री गुंजन प्रजापति, अमित मैशेरी, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, तुषार चोपड़ा सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व ववंदेमातरम कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी नंदन जैन ने आभार व्यक्त किया।

### प्रतिभाओं का चयन

# प्रदेश में भी कांग्रेस का नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

कांग्रेस पार्टी पूरे देश में नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम आयोजित कर रही है। टैलेंट हंट कार्यक्रम के द्वारा प्रतिभाओं का चयन कर जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का अवसर दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने आज टैलेंट हंट कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की।

श्री बैज ने कहा, इस कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी देश के युवाओं को जो कांग्रेस की रीति नीति विचारधारा में भरोसा रखते हैं, उनको मंच प्रदान करेगी। उनमें क्षमता होगी तो जिले से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का मौका मिलेगा। छत्तीसगढ़ में भी हम प्रतिभाशाली युवाओं से आवेदन करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। आज से पंद्रह दिनों तक ऑनलाइन आवेदन कर कोई भी युवा इस अवसर का लाभ ले सकता है। प्रदेश कांग्रेस विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने बताया, इस कार्यक्रम का लिंक और स्कैनर भी जारी किया गया, जिसके माध्यम से आवेदन डाउनलोड कर कोई भी आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इस कार्यक्रम में आवेदन 21 नवंबर तक किया जा सकता है। उसके बाद आए हुए आवेदनों की स्क्रूटनी की जाएगी तथा चयनित अभ्यर्थी दूसरे चरण में जाएंगे, जहां ऑनलाइन इंटरव्यू लिया जाएगा। दूसरे चरण से चयनित अभ्यर्थी, तीसरे चरण में जाएंगे, जहां पर उनका सीधा साक्षात्कार होगा तथा पेनल डिस्कशन होगा। उसके बाद जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर नियुक्तियां की जाएंगी।

## सिंचाई परियोजनाओं का समय पर पूरा होना सबसे ज्यादा जरूरी : सीएम साय

**मुख्यमंत्री ने ली जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक**



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में जल संसाधन विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने प्रदेश में संचालित सभी निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत सिंचाई परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से हों तथा निर्माण कार्यों की गति में तेजी लाई जाए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जल संसाधन परियोजनाएं प्रदेश के सर्वांगीण विकास की धुरी हैं। उन्होंने कहा कि जनता को स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता और कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु सिंचाई परियोजनाओं का निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण होना अत्यंत आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी निर्माणाधीन एवं प्रगतिरत सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों में गति लाने के स्पष्ट निर्देश दिए। बैठक में जल संसाधन विभाग के सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो ने मुख्यमंत्री को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रदेश की निर्माणाधीन सिंचाई परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। बैठक में मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद सहित जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## ब्राजीलियन मॉडल की फोटो लेकर सड़क पर उतरी यूथ कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

कांग्रेस के वोट चोरी अभियान के अंतर्गत यूथ कांग्रेस ने राजधानी में शुक्रवार को बड़ा प्रदर्शन किया। प्रदेश चुनाव आयोग कार्यालय घेरने निकली यूथ कांग्रेस को पुलिस ने मोतीबाग के पास ही रोक लिया। यूथ कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि छग में भी भाजपा और इलेक्शन कमीशन की मिलीभगत से वोट चोरी हो रही है। इन्हीं मुद्दों को लेकर आज छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता मोतीबाग से प्रदेश निर्वाचन आयोग कार्यालय की ओर मार्च निकले। कार्यकर्ताओं ने "भाजपा होश में आओ", "लोकतंत्र बचाओ", "वोट चोरी बंद करो" जैसे नारे लगाते हुए जब आगे बढ़ने की कोशिश की, तो पुलिस ने मोतीबाग के सामने बैरिकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झूमाझटकी हुई। कई कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़कर भी विरोध दर्ज करते रहे।

### ब्राजीलियन मॉडल को कहा- थैंक्यू दीदी

यूथ कांग्रेस ने इस दौरान कहा, राहुल गांधी ने कई चौंकाने वाले तथ्य और सबूत प्रस्तुत किए हैं। देश के विभिन्न राज्यों में मतदाता सूची में भारी गड़बड़ियां की जा रही हैं। हरियाणा में एक ही मकान पर सैकड़ों मतदाताओं के नाम दर्ज पाए गए, जबकि एक ब्राजील की मॉडल, जो कभी भारत आई ही नहीं, के नाम से हरियाणा के अलग-अलग मतदान केंद्रों पर वोटर लिस्ट में नाम दर्ज हैं। ये तथ्य इस बात का प्रमाण हैं कि भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर लोकतंत्र को कमजोर करने का षड्यंत्र रच रही है। यूथ कांग्रेस ब्राजीलियन मॉडल के पोस्टर लेकर सड़क पर उतरी और चुनाव में वोट डालने के लिए उक्त ब्राजीलियन मॉडल को धन्यवाद भी कहा। प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में प्रदेश महासचिव गुलजेब अहमद, आस मोहम्मद, विराज चंद्राकर, विनोद कश्यप, सजल चंद्राकर, तुषार गुहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नगरीय निकायों में सभी सुविधाएं होंगी ऑनलाइन, यूपीआई से कर सकेंगे भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन एवं उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव के दूरदर्शी नेतृत्व में राज्य में ई-गवर्नेंस परियोजना के तहत शहरी प्रशासन को अधिक दक्ष, पारदर्शी और नागरिक केंद्रित बनाने का बड़ा फैसला लिया गया है। राज्य शहरी विकास अभिकरण प्रदेश के सभी 192 नगरीय निकायों में नागरिक सेवाओं को पूरी तरह ऑनलाइन उपलब्ध कराएगा। यह पहल एक राज्य एक प्लेटफार्म और डिजिटल छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को साकार करेगी।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने नगरीय प्रशासन विभाग की इस नई पहल के बारे में कहा, ई-गवर्नेंस परियोजना सुशासन के नए युग की शुरुआत होगी। इससे नागरिकों को सभी शहरी सेवाएं घर बैठे, समय पर और पारदर्शी रूप से मिलेंगी। उन्होंने कहा कि यह सुविधा शासन को लोगों के और पास लाएगी और अब शासन जनता के द्वार पर की सोच धरातल पर दिखेगी।



एक राज्य-एक प्लेटफार्म और डिजिटल छत्तीसगढ़ का सपना होगा साकार : अरुण साव

### एक पोर्टल पर नगरीय निकायों की कई सुविधाएं

परियोजना के तहत एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफार्म तैयार किया जाएगा, जिसमें नागरिक सेवा पोर्टल, मोबाइल एप्लीकेशन, भवन अनुमति प्रणाली, वित्तीय प्रबंधन प्रणाली, शिकायत निवारण मॉड्यूल, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली, मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली तथा निर्णय सहायता डैशबोर्ड जैसी प्रमुख सेवाएं शामिल होंगी। ये सभी मॉड्यूल क्लाउड आधारित डेटा सेंटर से संचालित होंगे, जिससे सभी नगरों का डेटा सुरक्षित, एकीकृत और रियल-टाइम में उपलब्ध रहेगा।

### सभी कर ऑनलाइन जमा होंगे

ई-गवर्नेंस प्रणाली से लोग अपने मोबाइल या कम्प्यूटर से प्रत्येक सेवा का लाभ ले सकेंगे। संपत्ति कर, जल कर, व्यापार कर और ठोस अपशिष्ट शुल्क जैसी सभी देनदारियां ऑनलाइन जमा की जा सकेंगी। नागरिकों को बैंक, यूपीआई, वॉलेट या नेट-बैंकिंग जैसे माध्यमों से त्वरित भुगतान की सुविधा मिलेगी, जिससे राज्य के राजस्व संग्रह में वृद्धि होगी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, यह परियोजना आम लोगों को केंद्र में रखकर बनाई गई है और बेहतर प्रशासन की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने बताया, ई-गवर्नेंस प्रणाली शुरू होने से पूरे राज्य के नगरीय निकायों का कामकाज एक जैसा और पारदर्शी होगा। फैसले अब तथ्यों और तकनीक के आधार पर लिए जाएंगे, जिससे लोगों को तेज और भरोसेमंद सेवाएं मिलेंगी। श्री साव ने कहा, यह परियोजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के डिजिटल इंडिया के विजन पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन सरकार की मुहर है।

## पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करने तैयारी, मुख्यालय ने नाइन एमएम पिस्टल के लिए जारी किया टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राज्य की राजधानी में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू करने की कवायद मुख्यालय स्तर पर तेज हो गई है। नए पुलिस अफसरों को हथियारों से लैस करने के उद्देश्य से मुख्यालय स्तर पर पिस्टल खरीदने टेंडर जारी किया गया है। पिस्टल खरीदने 29 अक्टूबर को टेंडर जारी किया गया है। टेंडर जमा करने की मियाद 10 नवंबर है। 11 को टेंडर खोला जाएगा। कितने लोगों ने अब तक टेंडर जमा किया है, पुलिस मुख्यालय ने इस संबंध में अब तक किसी तरह की अधिकृत जानकारी साझा नहीं की है। पुलिस मुख्यालय ने 125 सेमी ऑटोमैटिक 9 एमएम पिस्टल खरीदने टेंडर जारी किया है। पिस्टल हरियाणा, हिसार स्थित जेएसपीडीएल से खरीदी करनी है। बीड राशि के अनुसार पिस्टल खरीदने टेंडर जारी किया जाएगा। टेंडर जमा करने वालों के लिए छत्तीसगढ़ जीएसटी से पंजीकृत होना अनिवार्य है। जिनके पास छत्तीसगढ़ जीएसटी का पंजीयन होगा, वही टेंडर प्रक्रिया में शामिल हो सकता है।




### आसानी से कई राउंड फायरिंग

नाइन एमएम ऑटोमैटिक पिस्टल की खासियत यह है कि इसमें मैगजीन लॉक करने के बाद कई राउंड आसानी से फायरिंग की जा सकती है। इसके अलावा इस पिस्टल की मैगजीन की उपलब्धता आसानी से होती है।

### अन्य क्षेत्र की पुलिस को भी आवंटित की जाएगी

नई पिस्टल खरीदी होने के बाद पिस्टल को रायपुर के साथ अन्य क्षेत्र के पुलिस अफसरों के साथ टीआई को दिया जाएगा। कई पिस्टल काफी पुरानी हो गई हैं। इसीलिए उन पिस्टल को पुलिस अफसरों से जमा कराने के बाद नई पिस्टल दी जाएंगी। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही पता चल पाएगा कि नई पिस्टल की खरीदी कब तक पूरी होगी।

### सेटअप बदल जाएगा

रायपुर में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू होने के बाद पुलिस की सेटअप व्यवस्था बदल जाएगी। आयुक्त प्रणाली लागू होने के बाद 60 से अधिक पुलिस अफसरों की तैनाती की जाएगी। इनमें एसीपी से लेकर डीसीपी तक के अफसर शामिल होंगे। टीआई का पद नाम बदलकर स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) हो जाएगा। आयुक्त प्रणाली लागू होने के बाद एसएचओ के पद में वृद्धि होगी।

## हादसे के बाद बढ़ी सतर्कता, 3 दिन में 70 प्रतिशत यात्रियों ने ई-टिकट में चुना बीमा का विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मेमू लोकल ट्रेन और मालगाड़ी के बीच हुए हादसे में 12 यात्री जान गंवा चुके हैं। यात्रियों के परिजनों को 10 लाख राशि प्रदान की जाएगी। इस हादसे के बाद एक बार फिर से रेलवे बीमा की ओर लोगों का रुझान बढ़ा है। हरिभूमि ने रेल हादसे के बाद रेलवे बीमा की पड़ताल की, तो पता चला कि शहर के 6 बड़ी ट्रैवल एजेंसी से हर दिन 5 हजार से अधिक रेल टिकट की बुकिंग होती है, लेकिन इनमें 5 से 10 फीसदी लोग ही बीमा का चयन करते हैं। ज्यादातर यात्रियों को इस बीमा की जानकारी नहीं होती है, तो वहीं कुछ लोग 45 पैसे बचाने बीमा नहीं करवाते थे, लेकिन हादसे के बाद अब यात्री भी जागरूक हो चुके हैं। छोटी यात्रा में भी ई-टिकट करवाने वाला हर दूसरा व्यक्ति बीमा का विकल्प चुन रहा है।

- लोकल ट्रेन में यात्रियों को नहीं मिलती इंश्योरेंस की सुविधा, आरक्षित ट्रेनों में ही मिलती है बीमा की वैकल्पिक सुविधा



### ई-टिकट में ही बीमा की सुविधा

यात्रियों को बीमा कराने की सुविधा केवल ई-टिकट में ही मिलती है। ऐसे में जो यात्री आरक्षण केंद्र से या फिर काउंटर से टिकट खरीदता है, ऐसे यात्रियों को बीमा का लाभ नहीं मिलता। यह सुविधा ई-टिकट में ही मिलती है। ऐसे में अब ज्यादातर यात्री ई-टिकट को पहले प्राथमिकता दे रहे हैं।

### नहीं होता लोकल ट्रेन के टिकट में इंश्योरेंस

सिर्फ ऑनलाइन आरक्षित ट्रेनों में ही इंश्योरेंस की सुविधा मिलती है और वह भी वैकल्पिक सुविधा होती है। वहीं अगर लोकल ट्रेनों की बात की जाए, तो उन में यह सुविधा नहीं मिलती। हादसे में घायल और मृत यात्रियों को रेलवे और भारत सरकार की ओर से मुआवजा जरूर दिया जाता है। बता दें कि एक्सप्रेस में ई-टिकट के दौरान यात्री किसी हादसे का शिकार हो जाते हैं, तो नॉमिनी को ट्रैवल इंश्योरेंस के तहत मिलने वाले पैसे को ट्रेन एक्सीडेंट के 4 महीने के अंदर क्लेम करना होता है।

## खबर संक्षेप

### सतनामी समाज का परिचय सम्मेलन आज

**अभनपुर।** सतनामी समाज परिक्षेत्र अभनपुर के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन भक्तिन कुटी सतनाम भवन चंडी मोड़ में 9 नवम्बर रविवार को आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक इंद्रकुमार साहू, अध्यक्षता चंद्रिका बंजारे जितेन्द्र बंजारे व विशिष्ट अतिथि पालिका अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे सहित समाज के अनेक गणमान्य एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक सतनामी समाज तहसील परिक्षेत्र अभनपुर अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन ने समाज के लोगों से इस युवक- युवती परिचय सम्मेलन मे भाग लेकर उद्देश्य का लाभ लेने की अपील की है।

### बजरंगदास स्कूल के छात्र राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी में करेंगे प्रतिनिधित्व

**अभनपुर।** श्री बजरंगदास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर के छात्र-छात्राएं 12 से 15 नवम्बर तक जशपुर में आयोजित राज्य स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी एवं पश्चिम विज्ञान मेले में रायपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। विगत दिनों आयोजित जोन स्तरीय प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं की छात्रा भवानी सिन्हा ने केले के छिलके से प्लास्टिक निर्माण कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जबकि कक्षा 11वीं के केशव विश्वकर्मा एवं विनोद धीवर ने फुट इलेक्ट्रिसिटी जनरेटर मॉडल बनाकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इन विद्यार्थियों ने व्याख्याता श्रीमती शशि किरण साहू के मार्गदर्शन में मॉडल तैयार किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू, राकेश साहू, ईला सेंगर, भारती शिंदे, गुनीता साहू, निर्मिता, चौरसिया सुलेखा गोस्वामी सहित विद्यालय परिवार ने बधाई दी और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

### अवैध रेत निकासी चार पनडुब्बियां जब्त

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय लंगेह के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा ग्राम बड़गांव स्थित महानदी रेत घाट में की गई कार्रवाई के दौरान नियम विरुद्ध रेत निकासी में प्रयुक्त चार पनडुब्बियाँ (नौकाएँ) मौके पर जब्त की गईं। अवैध रेत उत्खनन में लिप्त खदान संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री लंगेह ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाकर निरंतर जांच एवं कार्रवाई जारी रहेगी।

### सूने मकान से दिनदहाड़े डेढ़ लाख के जेवर पार

**महासमुंद।** पिथौरा थाना क्षेत्र के लहरौद में शुक्रवार दिन दहाड़े शिक्षक के सूने मकान से डेढ़ लाख के जेवरों की चोरी हो गई। पुलिस के अनुसार वार्ड 2 निवासी बालकुमार ठाकुर शिक्षक हैं। रोज की तरह सुबह 10 बजे स्कूल चले गए थे। पत्नी और बेटी भी स्कूल गई थीं। घर में कोई नहीं था। निजी काम को लेकर दोपहर 12 बजे शिक्षक दोबारा घर पहुंचे। जहां से वे बैंक चले गए। इसी बीच अज्ञात चोर पीछे के दरवाजे का ताला तोड़कर घर के अंदर घुसे और कमरे के आलमारी से नकदी 5 हजार, एक सोने का हार, दो लॉकेट, टाप्स, चांदी की पायल समेत करीब डेढ़ लाख के जेवर लेकर फरार हो गए। दोपहर 2 बजे जब शिक्षक बालकुमार ठाकुर घर लौटे तो दरवाजा का ताला और कमरे के अंदर आलमारी का लॉकर टूटा पाया।

**बैठक : 16 ग्राम पंचायतों के कार्य एक माह में 100 प्रतिशत पूर्ण करने का प्रस्ताव पारित**

# देवभोग जनपद में जल जीवन मिशन की प्रगति पर समीक्षा बैठक, 16 पंचायतों का कार्य जल्द होगा पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



जनपद पंचायत देवभोग में जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति को लेकर सभापति देवेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय अधिकारियों, ठेकेदारों और ग्राम सरपंचों की उपस्थिति में योजनाओं की वास्तविक स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। सभापति ठाकुर ने बताया कि 6 माह के कार्यकाल में यह दूसरी बार समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। इससे पहले के कार्यकाल में नल-जल योजना से जुड़ी कोई बैठक या समीक्षा नहीं की गई थी। तीन माह पूर्व जहां कार्य की स्थिति केवल 20 से 40 प्रतिशत थी, वहीं अब विभागीय प्रयासों से प्रगति बढ़कर 60 से 80 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। बैठक में विभाग द्वारा प्रस्तुत निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति को जानने के लिए ग्राम सरपंचों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। सरपंचों ने अपनी पंचायतों में आ रही समस्याओं को अधिकारियों के सामने एक-एक करके रखा। अधिकारियों ने सरपंचों द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से लेते हुए, समाधान के लिए लिखित रूप में प्रस्ताव तैयार किया और संबंधित ठेकेदारों को तत्काल फोन कर कार्य की समय सीमा तय करते हुए निर्देशित किया।

■ नल–जल योजना पर सभापति देवेंद्र ठाकुर ने ली महत्वपूर्ण बैठक

### अधिकारी और ठेकेदार समय पर कार्य पूरा करें

सभापति देवेंद्र ठाकुर ने कहा कि जल जीवन मिशन आमजन की बुनियादी जरूरत से जुड़ा हुआ है। प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी और ठेकेदार समय पर कार्य पूरा करें, यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक के अंत में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और ठेकेदारों के सामूहिक सहयोग से निर्णय लिया गया कि एक माह के भीतर पहले चरण में 16 ग्राम पंचायतों के कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण किए जाएंगे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में रखिया का बंपर उत्पादन, साल भर की बड़ी का हुआ इंतजाम



**मैनपुर।** ग्रामीण क्षेत्रों में किसान हर तरह के फसल का उत्पादन मौसम अनुसार लेते है। इन दिनों क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों के गांवों के घरों के छतों पर रखिया की बंपर उत्पादन देखने को मिल रहा है जिसे आमतौर पर सफेद कद्दू कहा जाता है। रखिया का उपयोग गांव में बड़ी बनाने के लिए मुख्य रूप से किया जाता है। बड़ी एक ऐसा सुखा सब्जी है जिसे डिब्बे में भरकर साल भर रख देते है और जब बारिश के दिनों में सब्जी का उत्पादन कम होता है तब बड़ी को सब्जी के रूप में उपयोग करते है। वहीं दूसरी ओर रखिया से अब शहरों में अनेक प्रकार के मिठाईया, व्यंजन बनने लगी है और अधिक दामों में इसकी बिक्री की जाती है। ग्रामीणों से चर्चा करने पर उन्होने बताया की बारिश से पहले इसके बीज को घर किनारे डाल देते है और इसमें कोई मेहनत करने की जरूरत नहीं है। यह लता के रूप में घर के छतों पर फैल जाता है तथा रखिया फल का उत्पादन होता है। क्षेत्र में रखिया को जोड़ी के हिसाब से बिक्री किया जाता है दो रखिया 300 रूपये तक मिलता है।

# मवेशियों का आहार महंगा, कोढ़ा का दाम चावल से भी अधिक



**रसेला।** मवेशियों को खिलाने वाले कोढा आज चावल से ऊपर कीमत में पशु मालिक खरीद कर अपने पुशधन को खिला रहे हैं। 10 वर्षों पहले यही कोढ़ा 3 से 4 रुपया किलो मिलता था। इसका कारण यहां है कि सरकार द्वारा सभी लोगों को 2 रुपया किलो में चावल या भाजपा सरकार ने 5 साल तक फ्री में चावल देने की घोषणा की गई है। ज्ञात हो सभी किसान अपने धान को उपार्जन केन्द्र में बेच देते हैं और सोसायटी में मिलने वाली चावल को उपयोग करते हैं। 100 में 20 प्रतिशत लोग ही अपने घर खाने के लिए धान रखते हैं, इन्हीं लोग मिल में धान की कुटाई करवाते हैं। पहले मिल में सुबह से लेकर शाम रात तक भीड़ लग रहता था। मगर आज ऐसी स्थिति है कि एक दिन में दो चार लोग आ जायें तो बहुत है। मिल वाले चुम्मन निषाद और भोलाशंकर जयसवाल ने बताया कि महिने में कई दिन ऐसा निकल जाता है कि बोहनी तक भी नहीं होती है। और हर महीने बिजली बिल के लिए पैसा जमा भी नहीं हो पाता है। इस लिए कोढ़ा का किलो 8 रूपया बिक रहा है। मवेशी पालक यह देखकर परेशान हो रहे हैं कि कोढ़ा जैसे सामान्य पशु आहार की खरीदी पर 800 रूपए देने पड़ रहे हैं। हैरानी तब परेशानी में बदल जा रही है जब खल्ली की कीमत 3 हजार रुपए क्विंटल तक पहुंचाने की जानकारी दुकानें देती है। सोचने वाली यहां बात है कि इंसान फ्री में चावल खा रहा है और पशुधन 8 रूपया किलो वाला कोढ़ा खा रहा है।

# आईएसबीएम विश्वविद्यालय में वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने पर विशेष समारोह



**छुरा।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम्" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. आनंद महलवार, कुलसचिव डॉ. बीपी भोल, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास, संयुक्त परीक्षा नियंत्रक डॉ. तनवीर आलम अंसारी एवं विश्वविद्यालय के सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रीय गीत गाकर राष्ट्र के प्रति अपना श्रद्धा, सम्मान और समर्पण व्यक्त किया। इस अवसर पर सबसे पहले सम्पूर्ण वंदे मातरम का गायन हिन्दी विभाग, कला एवं मानविकी संकाय के सहायक आचार्य डॉ मुमताज़ परवीन द्वारा प्रस्तुत किया गया। कुलगुरु प्रो. महलवार ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की आत्मा है, जिसने देशवासियों में स्वाधीनता, एकता और त्याग की भावना जगाई। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ और भारतीय संस्कृति की गरिमा को बनाए रखें। कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों में देशभक्ति की भावना को प्रबल करते हैं और उन्हें राष्ट्र सेवा की दिशा में प्रेरित करते हैं। युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक चेतना का निर्माण ही सच्ची देशभक्ति है, और वंदे मातरम् का संदेश इसी भावना को सशक्त करता है। छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. शुभाशीष बिस्वास ने कहा कि राष्ट्रीय गीत हमें यह सिखाता है कि राष्ट्र के प्रति प्रेम केवल शब्दों में नहीं, बल्कि कर्मों में झलकना चाहिए। इस कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन गणित विभाग, विज्ञान संकाय के सहायक आचार्य हेमंत पांडेय द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन विश्वविद्यालय के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया गया।

# कॉलेज में सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन फेस 3.0 पर हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूनिसेफ छग के संयुक्त तत्वावधान में विश्वविद्यालय स्तरीय एक दिवसीय कार्यक्रम अधिकारियों की कार्यशाला शनिवार को आयोजित किया गया। उक्त कार्यशाला में मुख्य अतिथि डॉ नीता बाजपेयी राज्य एनएसएस अधिकारी छग शासन उच्च शिक्षा विभाग रही। मुख्य वक्ता अभिषेक त्रिपाठी छग यूनिसेफ, अध्यक्षता प्राचार्य करुणा दुबे, संयोजक डॉ. मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद मंचस्थ रहे। कार्यशाला का विषय सुरक्षित पारा सुरक्षित लइकामन फेस 3.0 रहा।

मंचस्थ अतिथियों को प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन में डॉ मालती तिवारी ने कहा कि यूनिसेफ एवं रासेयो के संयुक्त विगत वर्षों से बाल अधिकार, सुरक्षा, शिक्षा एवं पोषण पर कार्यक्रम आयोजित करते आ रहे हैं। फेस 3 कार्यक्रम में भी हम निरंतर इस कार्यक्रम का सफल बनाने का प्रयास करेंगे। प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि हम ग्रामों में बच्चों एवं समाज के मध्य जाकर बाल अधिकार एवं संरक्षण का जागरूकता अभियान फैलाना है। कार्यशाला में रायपुर संभाग के महासमुंद, रायपुर, गरियाबंद, बलौदाबाजार, धमतरी जिले के 100 कार्यक्रम अधिकारी सम्मिलित रहे। सभी कार्यक्रम अधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। संचालन अजय कुमार राजा कार्यक्रम अधिकारी रासेयो ने किया।

### 12वीं के छात्र को बाँध में ले जाकर की पिटाई, 4 नाबालिग पर शिकायत दर्ज

महासमुंद। ग्रामीण आयोजन के दौरान हुई बहस का बदला लेते हुए 4 नाबालिगों ने 12 के छात्र और उसके साथी की पिटाई कर दी। नाबालिगों ने उसे पटेवा बुलाया फिर उसे बहला फुसलाकर जोगीडीपा बांध के अंदर ले गए और दोनों की पिटाई कर दी। मिली जानकारी के अनुसार पटेवा पुलिस ने मामले में 4 नाबालिग युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। प्रार्थी छात्र ने अपनी शिकायत में बताया है कि 3 नवम्बर को उसे पटेवा निवासी एक युवक ने फोन कर पटेवा बुलाया। छात्र अपने दोस्त के साथ पटेवा बस स्टैण्ड पहुंचा। जहाँ से छात्र को बहला फुसलाकर फोटो, वीडियो बनाएंगे कहकर जोगीडीपा बांध अंदर ले गया जहां उन्होनें तुम और तुम्हारे साथी झलप में आरू साहू के कार्यक्रम के दौरान हम लोग के साथ बहस किए थे कहते हुए जातिसूचक गाली गलौच कर हाथ मुक्का से मारपीट की एवं आरोपियों ने घटना को किसी को मत बताना नहीं तो जान से मार देगें कहकर धमकी भी दी। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने चार नाबालिग युवकों के खिलाफ धारा 3(1)(ध) एससीएस, 115(2) बीएनएस, 137(2)बीएनएस, 296बीएनएस, 3(5)बीएनएस, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

# आत्मानंद विद्यालय मैनपुर में पालक एवं शिक्षकों की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर नवमुड़ा स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल में शनिवार को पालक एवं शिक्षकों की बैठक आयोजित किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं की नियमित उपस्थिति, तिमाही परीक्षा का आंकलन के साथ ही विभिन्न विषयों पर चर्चा किया गया।

पालक और शिक्षक मिलकर विद्यालय को सुंदर बनाने का संकल्प लिया साथ कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं, बारहवीं के कमजोर बच्चों का कक्षावार पृथक- पृथक ग्रुप बनाकर विद्यालय के शिक्षक द्वारा उन्हे सरलता से पढ़ाई में विशेष ध्यान दिलाने के साथ ही नियमित उपस्थिति स्वच्छता अनुशासन लाइब्रेरी के संबंध में चर्चा किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्राचार्य विश्राम नागेश, जावेद मेमन, रामकृष्ण ध्रुव, शेख हसन खान, भैयालाल नागेश, गजेन्द्र यादव, मो इशाक, टिकेश्वरी साहू, दसरू जगत, मुकेश ठाकुर, शिव कुटारे, नरेन्द्र साहू एवं बड़ी संख्या में पालक व शिक्षक उपस्थित थे।

# उत्तर की शुष्क हवाओं से बढ़ी ठिठुरन तापमान में गिरावट, मरीज भी बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



प्रदेश में मौसम के मिजाज ने करवट ले ली है और इसके साथ ही जिले में भी सर्द मौसम की शुरूआत हो चुकी है। उत्तर से आ रही ठंडी और शुष्क हवाओं के कारण दिन के मुकाबले रात के तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे सुबह और शाम होते ही लोगों को अब ठंड का एहसास होने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक, जिले के न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस तक की और कमी आने की संभावना है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को जिले का न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। वहीं, अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तर दिशा से शुष्क हवाओं का आगमन लगातार हो रहा है, जिसके कारण मौसम ठंडा बना हुआ है। मौसम के इस अचानक बदलाव ने जिले के लोगों को संक्रामक बीमारियों की चपेट में लेना शुरू कर दिया है। तापमान गिरने और सर्द हवाओं के कारण, विशेषकर बच्चों और बुजुर्गों में सर्दी और खांसी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, और निजी क्लीनिकों में इन दिनों सर्दी-खांसी तथा वायरल बुखार से पीड़ित मरीजों की संख्या में इजाफा देखा जा रहा है।

### ठंड ने बढ़ाई आर्द्रता, लोगों की परेशानी

तापमान में कमी के साथ ही वातावरण की आर्द्रता में भी परिवर्तन आया है, जो ठंड बढ़ाने में सहायक है। जानकारी के अनुसार, सुबह लगभग 5:30 बजे वातावरण में आर्द्रता का स्तर 56 प्रतिशत तक बना रहता है, जो शाम 5:30 बजे तक करीब 45 प्रतिशत तक आ जाता है। रात 8 बजे के बाद ठंडी हवाओं के तेज होने और आर्द्रता के कम होने से लोगों को ठिठुरन महसूस हो रही है। ठंड की आहट के साथ ही नगर के बाजार में भी गर्माहट आ गई है। शहर के मुख्य चौक-चौराहों और प्रमुख बाजारों में गर्म कपड़ों के स्टॉल सज गए हैं। गर्म कपड़ों की बिक्री करने के लिए कई व्यापारियों का भी आगमन हो चुका है। जैकेट, स्वेटर, शॉल और ऊनी कपड़ों की खरीदारी के लिए लोग बाजारों का रुख कर रहे हैं। पिछले दो दिनों से रात में वाहन चलाने वाले लोग खास तौर पर गर्म जैकेट और शॉल में नजर आ रहे हैं, जो इस बात का संकेत है कि ठंड अब दस्तक दे चुकी है।

# भाजपा के पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन पहुंचे नुवापाड़ा चुनाव प्रचार में पहुंचे



**मैनपुर।** जिले के बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र से लगे ओड़िशा प्रदेश के नुवापाड़ा विधानसभा सीट पर उपचुनाव के चलते इन दिनों प्रचार प्रसार तेजगति से किया जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी भी इन दिनों ओड़िशा के नुवापाड़ा में भाजपा प्रत्याशी जय भाई ने जनसंपर्क किया और भाजपा प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील किया। उनके साथ गोहरापदर भाजपा महामंत्री लंबोदर साहू भी पहुंचे हुए है।

# देवसरा में कार्तिक पूर्णिमा पर मड़ई मेला छत्तीसगढ़ी नाचा का शानदार आयोजन



**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्राम देवसरा में कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर मड़ाई मेला एवं छत्तीसगढ़ी नाचा का शानदार आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस सांस्कृतिक पर्व मुख्य अतिथि के रूप में शिवांगी चतुर्वेदी सभापति जिला पंचायत गरियाबंद, अध्यक्षता पंकज निर्मलकर जनपद सदस्य एवं विधायक प्रतिनिधि जनपद पंचायत छुरा, विशिष्ट अतिथि पन्ना लाल ध्रुव अध्यक्ष सरपंच संघ छुरा, चेमिन दीवान सरपंच करचाली, तुकाराम दीवान उपसरपंच, कृष्णु दीवान ग्राम पटेल, ज्ञात राम ध्रुव, ओमप्रकाश दीवान ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों का उत्साह देखते ही बनता था। सभी ने मिलकर सामाजिक एकता, परंपरा और अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भावपूर्ण ढंग से अभिव्यक्त किया। इस अवसर पर कार्तिक पूर्णिमा के ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक महत्व पर सारगर्भित चर्चा की गई तथा इस पर्व से जुड़े लोकविश्वास और आध्यात्मिक संदेशों को उपस्थित जनों तक पहुंचाया गया। मड़ाई मेला व छत्तीसगढ़ी नाचा ने कार्यक्रम को मनोरम रंगों से भर दिया, जिससे स्थानीय संस्कृति और लोककला को और अधिक प्रोत्साहन मिला।

फोटो क्रमांक 01

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कर्मचारियों की मांग को पूरा करें सरकार: तेजराम

**राजिम।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) छत्तीसगढ़ के महासचिव



तेजराम विद्रोही ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि जिला सहकारी बैंक के माध्यम से केन्द्र एवं राज्य शासन की महत्वाकांक्षी योजना समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं राशि भुगतान, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, किसानों को नगद, खाद, बीज आदि सहित विभिन्न महत्वपूर्ण शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है। यहां के कर्मचारी वर्ष 2021 से देय वार्षिक वेतनवृद्धि को लेकर आंदोलन कर रहे है। श्री विद्रोही ने कर्मचारियों की मांग को जायज बताते हुए सरकार से वेतनवृद्धि दिये जाने की मांग की है। उन्होने कहा कि 15 नवंबर से धान खरीदी शुरू होगी अधिकांश समितियों और धान खरीदी केन्द्रों में अभी तक कोई तैयारी नहीं है। इस ओर भी ध्यान देने की जरूरत है ताकि किसानों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

### सोने-चांदी के आभूषण, नकदी सहित 3 गिरफ्तार

**महासमुंद।** चार नवंबर को वार्ड-6 में सूने मकान का ताला तोड़कर 3 लाख रूपए के सोने चांदी के आभूषण सहित 45 हजार रूपए नगदी चोरी के आरोप में सायबर सेल तथा कोतवाली की संयुक्त टीम ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2 नग का सिक्का चांदी, 1 नग काला पोत सोने का मंगल सूत्र, 2 नग चांदी की पायल व 45 हजार रूपए नकद कुल जुमला 3.45 लाख रूपए जब्त किया है। जानकारी के अनुसार नयापारा वार्ड 6 निवासी असलम खान पिता स्व. याकूब खान ने कोतवाली पुलिस को शिकायत किया कि चार नवंबर की रात 1 से 3 बजे मेरे घर का ताला तोड़कर किसी अज्ञात चोर ने घर में रखे गहने व रूपए की चोरी कर ली।

# श्री राधाकृष्ण मंदिर के शताब्दी महोत्सव में समरसता का अद्भुत नजारा

**शनिवार को भोजन प्रसादी पाने तीन हजार लोग पहुंचे, शहर के 10 समाज के लोग मौजूद थे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्री राधाकृष्ण मंदिर के वृंदावन कुंज में शनिवार को भोजन प्रसादी पाने शहर के तीन हजार से अधिक लोग पहुंचे थे जो दस समाजों के थे। सभी लोगों का सम्मान करते हुए बहुत ही श्रद्धा के साथ भोजन कराया गया। बता दें कि मंदिर का सौ वर्ष पूर्ण होने पर अग्रवाल परिवार द्वारा पूरे शहर के लोगों के लिए भोज का यह कार्यक्रम पूरे नवंबर माह भर रखा गया है। सर्वराकार मोहन अग्रवाल, सचिव अभिषेक अग्रवाल, गोपाल, गिरधारी, नयन अग्रवाल, शरद शुक्ल, डॉ. टीएन रमेश सहित सिंध, अग्रवाल, माहेश्वरी साहू, ब्राम्हण, एवम अन्य समाज की महिलाएं एवं पुरुष परोसगारी कर रहे है। भोजन प्रसादी ग्रहण करने नगर के लोहार समाज भजन करते जैसे ही प्रवेश किया तो मंदिर कमेटी के ट्रस्टियों ने बाजे गाजे के साथ पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यह दृश्य काफी सुकून प्रदान करने वाला रहा जब वृंदावन कुंज में एक साथ 10 समाज जिसमें सोनकर, विश्वकर्मा, लोहार, सोनी, कुर्मी, चन्द्राकर, पाटकर, राजपूत ठाकुर, कण्डरा एवं कुम्भकार समाज के लोगों का गिरधारी अग्रवाल ने तिलक वंदन कर अपर्णा ओढ़ाकर सम्मान किया। मालूम हो कि भगवान श्री राजीव लोचन और श्री कुलेश्वरनाथ महादेव के पावन भूमि में श्री राधाकृष्ण का विशाल मंदिर है जहां भगवान श्री जगन्नाथ, सुभद्रा मैया, बलदाऊ भैया, शिव परिवार, जगदम्बे भवानी, हनुमान जी और बहुत ही खूबसूरत श्री राधाकृष्ण की मूर्ति विराजमान है। इस मंदिर में सुबह चार बजे पूजा और आरती हो जाती है। खास बात यह है कि पूरे बारहो माह दोपहर का भोजन जो बनता है उसे असहाय, निःशक्त लोगों को निःशुल्क दी जाती है।






### शिविर में लोगों ने शुगर और बीपी चेक कराया

शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने शुगर और बीपी चेक कराया। ब्लड देने वालों में गोविंद इसरानी, दिलीप तारक, प्रदीप, भूपेंद्र साहू,यादराम साहू, टिकेश्वर यादव, पीयूष पटेल, निखिल पटेल शामिल थे। सौ साल बाद हो रहा इस तरह का आयोजन चर्चा में बना हुआ है। एक तरह से नवापारा शहर समरसता का पर्याय है जहां हर जाति धर्म के लोग एक दूसरे का सम्मान करते है और ऐसे धार्मिक और सामाजिक आयोजन में साथ देने खड़े हो जाते है। सबसे बड़ी बात है कि सर्वराकार मोहनलाल, गोपाल, गिरधारी अग्रवाल एवं यहां के युवा टीम दिन रात इस आयोजन को सफल बनाने में लगे है।

## राज्योत्सव : जिले में 2 से 4 नवंबर तक हुआ भव्य आयोजन

# राज्योत्सव में अटल टिंकरिंग लैब के नवाचारी मॉडल बने आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार इस वर्ष राज्य का रजत महोत्सव (राज्योत्सव-2025) पूरे प्रदेश में तीन दिवस तक उत्साहपूर्वक मनाया गया। जिले के मुख्यालय गरियाबंद में भी 2 से 4 नवंबर तक भव्य आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों ने अपनी योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई। इसी कड़ी में शिक्षा विभाग के स्टॉल में नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के तहत संचालित अटल टिंकरिंग लैब के अंतर्गत तैयार नवाचारी विज्ञान मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौन्दकेरा एटीएल के छात्र युवराज साहू एवं मयंक कोसरे द्वारा बनाया गया प्रोजेक्ट गैस लिकेज सिस्टम एवं फायर अलार्म फॉर फॉरेस्ट को राज्योत्सव में आए अतिथियों, अधिकारियों और आम नागरिकों ने खूब सराहा।



### प्रभारी मंत्री ने किया शुभारंभ

राज्योत्सव के प्रथम दिवस पर जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल एवं रोहित साहू विधायक, राजिम ने दीप प्रज्वलन कर उत्सव का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया और शिक्षा विभाग के स्टॉल में विद्यार्थियों के नवाचारी प्रयासों की प्रशंसा की।

### दूसरे दिन विद्यार्थियों ने बढ़ाई जानकारी

राज्योत्सव के दूसरे दिन गरियाबंद व आसपास के स्कूलों के विद्यार्थियों ने टिंकरिंग लैब के विभिन्न मॉडल व सेंसर, ऑर्डिनो बोर्ड जैसे उपकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त की। छात्रों ने प्रयोगात्मक रूप से जाना कि विज्ञान और तकनीक कैसे दैनिक जीवन की समस्याओं का समाधान बन सकती है। तीसरे एवं अंतिम दिवस पर कार्यक्रम का समापन सांसद रूपकुमारी चौधरी, चंदूलाल साहू (अध्यक्ष, बीज भंडार निगम) एवं संतोष उपाध्याय (पूर्व विधायक, राजिम) के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। सांसद रूपकुमारी चौधरी ने शिक्षा विभाग के स्टॉल का अवलोकन करते हुए कहा कि टिंकरिंग लैब छात्रों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए विचार विकसित करने का अवसर प्रदान कर रही है। ऐसे नवाचार भविष्य के वैज्ञानिकों की पहचान हैं।

### शिक्षकों व मेंटर की भूमिका सराही गई

कौन्दकेरा के अलावा पाण्डुका और सिवनी के एटीएल विद्यालयों के मॉडल भी प्रदर्शनी में शामिल थे। कौन्दकेरा विद्यालय के मॉडल के मार्गदर्शन में मीनाक्षी शर्मा (जिला नोडल एवं प्रभारी, एटीएल कौन्दकेरा) तथा सतीश मालवीय (मेंटोर सदस्य, शिक्षक एटीएल लैब) की भूमिका रही। राज्योत्सव में शिक्षा विभाग के स्टॉल के प्रति जनता की अभूतपूर्व रुचि देखकर जगजीत सिंह धीर (जिला शिक्षा अधिकारी), शिवेश शुक्ला (जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा), बुद्धविलास सिंह (जिला परियोजना अधिकारी), श्याम चंद्राकर (सांख्यिकी अधिकारी), मनोज केला, विल्सन थॉमस (एपीसी , समग्र शिक्षा), ज्ञानेन्द्र शर्मा (नोडल, जिला विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद) तथा अनूप महाड़ीक (सीएसी, गरियाबंद) ने हर्ष व्यक्त किया। विभागीय स्टॉल में पुरुषोत्तम वर्मा, पवन साहू, काजल चंद्राकर, संध्या साहू, सुदामा लोधी सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## अगहन माह के पहले गुरुवार को भक्ति और परंपरा की धूम, घर-घर हुई मां लक्ष्मी की पूजा



**रसेला।** अगहन मास के पहले गुरुवार 6 नवंबर को था। गांव में भक्ति और परंपरा की झलक देखने को मिली। घर घर मां लक्ष्मी और भगवान विष्णु की पूजा अर्चना के लिए तैयारियां बुधवार शाम से पूरी कर ली गई थी। बुधवार शाम से ही महिलाओं ने घरों के आंगन और दरवाजों पर चांवल के घोल से चौंक सजाया और रंगोली बनाई गई थी। अगहन माह में मां भगवती की उपासना शुभ फलदायी होती है। इस बार अगहन माह में कुल 5 गुरुवार पड़ेंगे। अगहन माह 6 नवंबर दिन गुरुवार से ही शुरू हो गया है, 4 दिसंबर तक चलेगा। महाराज गोलू शर्मा ने बताया कि शास्त्रगत मान्यताओं के आधार पर अगहन गुरुवार में व्रत रखने का विधान है। इस दिन स्नानादि से निवृत्त होकर व्रत का संकल्प किया जाता है और शाम को चन्द्रमा के उदित होने के उपरांत पुष्प, नैवेद्य, धूप दीप प्रज्ज्वलित कर भगवान गणेश की पूजा की जाती है। शर्मा के अनुसार इस दिन चन्द्रमा को अर्ध्य देने से चंद्रदेव की कृपा प्राप्त होती है। पौराणिक मान्यतानुसार अगहन माह महालक्ष्मी का महीना माना गया है। गुरूवार को इनका आगमन ऐसे भक्त के यहां होता है, जिनके घर में साफ़ सफाई, सजावट व मन, वचन और कर्म से पूरी सात्विकता रहती है। यही वजह है कि महिलाएं हर बुधवार को घर द्वारा को रंगोली से सजाकर मां पूजा स्थल तक देवी के पग चिन्ह बनाकर गुरुवार को भोर में उनका आह्वान करतीं हैं। सुबह, दोपहर और शाम तीनों समय उन्हें भोग अर्पित करते हुए पूजा अर्चना की जाती है। जिसके घर इस दिन व्रत रखते हैं उस दिन किसी प्रकार का लेन-देन नहीं किया जाता है। मान्यता है कि अगहन महीने के गुरूवारी पूजा में मां लक्ष्मी को प्रत्येक गुरुवार अलग-अलग पकवानों का भोग लगाएं जाता है। सभी अपने अपने तरीके से मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए व्रत रखकर विधि विधान से पूजा-पाठ करते हैं।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर निशुल्क नेत्र परीक्षण एवं बुजुर्ग सम्मान समारोह

**राजिम।** सरदार वल्लभभाई पटेल के 150 वी जयंती के अवसर पर शहर के वार्ड 3 सरदार वल्लभभाई पटेल पारा में पार्षद जानकी पटेल के नेतृत्व में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर और बुजुर्गों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, पटेल समाज के जिलाध्यक्ष सोमनाथ पटेल, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, सभापति भारत यादव, आकाश राजपूत, पार्षद प्रतिनिधि कुलेश्वर साहू, पूर्व पार्षद भूखन पटेल, अधिवक्ता आशीष शिंदे, भाजपा नेता शरद पारकर, पुरन यादव, संजीव साहू तथा किसान सेवा समिति के अध्यक्ष भागवत साहू, बूथ अध्यक्ष दिलीप पटेल मौजूद थे। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माता और सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र पर माल्यार्पण के साथ पूजा-अर्चना कर किया गया। शिविर में लगभग 100 लोगों का निःशुल्क नेत्र परीक्षण किया गया जिसमें 20 लोग मोतियाबिंद से पीड़ित है उन सभी को निःशुल्क आपरेशन के लिए रायपुर एमजीएम अस्पताल भेजा गया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल को लौह पुरुष के नाम से जाना जाता है, आज 150वीं जयंती के अवसर पर उनको याद करते हुए कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्म दिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है।



उन्होंने भारत की 562 रियासतों को एकजुट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। आज उनके याद में पटेल पारा और तकिया पारा में पार्षद जानकी पटेल द्वारा निःशुल्क नेत्र जहां शिविर का आयोजन कर जन सेवा की एक मिसाल पेश की है, जो बहुत ही सराहनीय पहल है। नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर ने कहा कि जन सेवा ही मानव सेवा है। वार्ड क्रमांक 3 के पार्षद जानकी पटेल अपने वार्डवासियों की सेवा में निरंतर लगी रहती है। गरीब वर्ग के लोगों को निःशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन करा कर एक मिसाल पेश की है। कार्यक्रम का संचालन पटेल समाज के जिलाध्यक्ष सोमनाथ पटेल ने किया। आभार पूर्व पार्षद भुखन पटेल ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में रामकुमार सेन, भोला यादव, चमेली सेन, दुलहसिया सेन, शत्रुघ्न सेन, राजेश पटेल, कन्हैया पटेल, ओम प्रकाश यादव, मनोज पटेल, नरेश साहू, लियाकत खान, बब्बू खान अली, सद्दाम अली सहित बड़ी संख्या में शहर के लोग मौजूद थे।



## सहकारी सोसायटी नवमुड़ा में पहुंचे बारदाने

**मैनपुर।** प्रदेश सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर सहकारी सोसायटियों में बारदाना पहुंचने लगी है। मैनपुर सहकारी सोसायटी नवमुड़ा में बीते रात बारदानों का बन्डल पहुंच चुका है।

## स्टेला फाउंडेशन ने त्रिवेणी संगम में चलाया सफाई अभियान

**नवापारा-राजिम।** स्टेला वेलफेयर फाउंडेशन की टीम ने कार्तिक पूर्णिमा मड़ई उपरांत नदी में फैले कचरे की सफाई की। स्टेला फाउंडेशन के सदस्यों ने कुलेश्वर महादेव के आसपास फैले झिल्लियां, पेपर, प्लास्टिक, रैपर आदि को झाड़ू से इकठ्ठा कर त्रिवेणी संगम की सफाई की। बता दें कि कार्तिक पूर्णिमा पर प्रत्येक वर्ष राजिम त्रिवेणी संगम में मड़ई मेला लगता है। जिसमें हजारों की संख्या में लोग जुटते है। खाने पीने एवं खिलौने के विभिन्न छोटे बड़े स्टॉल लगाए जाते है। जहां मड़ई उपरांत मेला स्थल में कचरा हो जाता है। स्टेला फाउंडेशन ने अपनी सामाजिक जवाबदारी का निर्वहन करते हुए पालिका स्वच्छता कर्मियों के साथ संयुक्त टीम बनाकर नदी की सफाई में जुट गए। इकठ्ठा किए कचरे को अन्यत्र स्थान पर डिस्पोज किया गया। उक्त अवसर पर पूजा सायरानी, योगिता सिन्हा, मनीषा आठवानी, राधिका ऐशानी, राखी इसरानी, फाउंडेशन के सदस्यों की विशेष सहभागिता रही।



## सीए बनने पर चुम्मन वर्मा का कुर्मी समाज ने किया सम्मान

**राजिम।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले राजिम क्षेत्र के ग्राम सुरसाबांधा निवासी चुम्मन लाल वर्मा को छग प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला गरियाबंद द्वारा उनके निवास पर सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज के वरिष्ठ पदाधिकारियों तथा युवा सीए चुम्मन वर्मा के परिजनों की उपस्थिति में चुम्मन लाल वर्मा को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए स्मृति चिन्ह और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। छग प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला गरियाबंद के जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा, जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर सहित सभी पदाधिकारियों ने युवा सीए की



प्रशंसा करते हुए कहा कि आज चुम्मन वर्मा ने न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे समाज और गरियाबंद जिले का नाम रोशन किया है। उनकी यह सफलता कुर्मी समाज के अन्य युवाओं के लिए एक प्रेरणा है कि लगन और कड़ी मेहनत से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। युवा सीए चुम्मन वर्मा ने समाज द्वारा किए गए इस सम्मान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें भविष्य में और बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। यह सम्मान,समाज में शिक्षा और युवाओं के प्रोत्साहन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आगामी पीढ़ी को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए प्रेरित करेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से छग प्रदेश कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला गरियाबंद के जिलाध्यक्ष पुरंदर वर्मा,वरिष्ठ उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज गरियाबंद के अध्यक्ष गुलाब सिंह वर्मा, तिरेला कुर्मी क्षत्रिय समाज लोहझर (छुरा) परिक्षेत्र के अध्यक्ष लक्ष्मण वर्मा, चंद्रनाहु कुर्मी क्षत्रिय समाज दुल्ला (छुरा) उपक्षेत्र अध्यक्ष लोकेश चंद्राकर, दशरथ वर्मा, चुम्मन वर्मा के परिजन माता-पिता श्रीमती यशोदा वर्मा,देव राम वर्मा, डागेंद्र वर्मा,गगन वर्मा उपस्थित रहे।

## महतारी वंदन योजना में अविवाहित दिव्यांग महिलाओं को शामिल करने की मांग

**रसेला।** क्षेत्र के दिव्यांग अविवाहित महिलाओं ने छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना विष्णुदेव साय सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में से सबसे बड़ी योजना है, इस योजना को लेकर अब अंचल की अविवाहित दिव्यांग महिलाओं ने मांग की है कि उन्होंने साय सरकार से वंदन योजना के तहत लाभ देने की मांग की है।

दिव्यांग अविवाहित महिलाओं ने इस योजना के तहत हर महीने आर्थिक सहायता की मांग की है। अविवाहित दिव्यांग महिलाएं रसेला से गंगा मरकाम, लक्ष्मी कुंजाम, रंजीता पटेल, चद्रीका साहू कनसिधी निवासी रुक्मणी सेन ने





कहा कि सरकार के द्वारा महतारी वंदन योजना शुरू की गई है, जिसका लाभ विवाहित महिलाओं को मिलता है, लेकिन हमें नहीं मिल रहा है, क्योंकि हम अविवाहित हैं, हमारे अविवाहित होने की वजह दिव्यांगता है। दिव्यागता की वजह से हमारी शादी नहीं हुई है। सरकार को इस योजना का लाभ हम दिव्यांग महिलाओं को भी देना चाहिए। महतारी वंदन योजना शादी शुदा महिलाओं के लिए है, ऐसे में हम सब दिव्यांग महिलाएं सरकार से मांग करतीं हैं कि हमें महतारी वंदन योजना का लाभ दे। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ की विवाहिता महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपये की आर्थिक सहायता दी जा रही, जो आज यहा योजना लागू हुए पांच माह होने को है। यह योजना भाजपा की साय सरकार ने शुरू की है, हर महीने प्रदेश की लाखों महिलाओं को इस योजना के तहत लाभ मिल रहा है। यही वजह है कि हर महीने महतारी वंदन योजना की राशि आने को लेकर महिलाएं उत्साहित हैं। और हम लोगों इस योजना से वंचित हो रहे हैं। शासन प्रशासन से सभी दिव्यांग महिलाओं ने इस योजना से जल्द से जल्द जोड़ने की मांग की गई है।




